# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 31 अक्तूबर, 2023

## हामून चक्रवात

चक्रवात हामून, बंगाल की खाड़ी का एक शक्तिशाली **चक्रवात** ने 24-25 अक्तूबर, 2023 को चट्टोग्राम, बांग्लादेश के दक्षिण में दस्तक देने से पूर्व 24 घंटों में चार बार अपना मार्ग परिवर्तित किया, जोकि किसी चक्रवात के लिये असामान्य घटना थी।

- यह बदलाव **सामान्य तूफान** से **गंभीर चक्रवाती तूफान** उसके बाद **अंततः बहुत गंभीर एवं अंततः चक्रवाती तूफान** में बदल गया।
- ऊपरी **पश्चिमी पवनों** द्वारा हामून की गति परिवर्तन में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे यह अनुमान से पहले ही भूमि की ओर बढ़ गया।
  - पश्चिमी पवनें दोनों गोलार्धों में **30 से 60 डिग्री अक्षांश के बीच पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली प्रचलित हवाएँ हैं।**
- उत्तरी बंगाल की खाड़ी में **समुद्र के ठंडे तापमान** ने हामून चक्रवात को तेज़ी से कमज़ोर होने में योगदान दिया साथ ही यह तट से दूर चला गया।
  - हमून ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश अथवा ओडिशा तट के स्थान पर बांग्लादेश की ओर मुड़कर असामान्य रूप से अपने मार्ग को परिवर्तित किया।
- अरब सागर में **तेज़ चक्रवात** का कमज़ोर होना, बंगाल की खाड़ी में हामून के मज़बूत होने में योगदान कर सकता है, क्योंकि जुड़वाँ चक्रवाती प्रणालियाँ प्राय: एक चक्रवात के मज़बूत होने को प्रदर्शित करती हैं।

# चक्रवात



## परिचय

चक्रवात एक कम दबाव वाला क्षेत्र होता है जिसके आस-पास तेजी से इसके केंद्र की ओर वायु परिसंचरण होते हैं।

## चक्रवात बनाम प्रतिचक्रवात

| दबाव प्रणाली | केंद्र में दबाव की स्थिति | हवा की दिशा का पैटर्न | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तरी गोलार्द्ध | दक्षिणी गोलार्द्ध |
| चक्रवात | निम्न | वामावर्त | दक्षिणावर्त |
| प्रतिचक्रवात | उच्च | दक्षिणावर्त | वामावर्त |

## वर्गीकरण

उष्णकटिबंधीय चक्रवात; मकर और कर्क रेखा के बीच उत्पन्न होते हैं।




अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय/समशीतोष्ण चक्रवात; ध्रुवीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं।

- **गठन के लिए शर्तें:**
  - 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली एक बड़ी समुद्री सतह।
  - कोरिओलिस बल की उपस्थिति।
  - ऊर्ध्वाधर/लंबवत हवा की गति में छोटे बदलाव।
  - पहले से मौजूद कमजोर निम्न-दबाव क्षेत्र या निम्न-स्तर-चक्रवात परिसंचरण।
  - समुद्र तल प्रणाली के ऊपर विचलन (Divergence)।
- **नामकरण:**
  - **नोडल प्राधिकरण: विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)**
  - **हिंद महासागर क्षेत्र:** बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्याँमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड इस क्षेत्र में आने वाले चक्रवातों के नामकरण में योगदान करते हैं।
- **उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिये अलग-अलग नाम:**
  - **टाइफून:** दक्षिण पूर्व एशिया और चीन
  - **हरिकेन:** उत्तरी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत
  - **टॉरनेडो:** पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका
  - **विली-विलीज:** उत्तर पश्चिम ऑस्ट्रेलिया
  - **उष्णकटिबंधीय चक्रवात:** दक्षिण पश्चिम प्रशांत और हिंद महासागर
- **भारत में चक्रवात:**
  - **द्वि-वार्षिक चक्रवात मौसम:** मार्च से मई और अक्टूबर से दिसंबर।
  - **हाल के चक्रवात:** ताउते, वायु, निसर्ग और मेकानु (अरब सागर में) तथा असानी, अम्फान, फोनी, निवार, बुलबुल, तितली, यास और सितरंग (बंगाल की खाड़ी में)।

**और पढ़ें:** भारत की चक्रवात तैयारी

## 16वाँ अर्बन मोबलिटी इंडिया (UMI) सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2023

**16वाँ अर्बन मोबलिटी इंडिया (UMI) सम्मेलन और प्रदर्शनी 2023** संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम **आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय** द्वारा शहरी परिवहन संस्थान (भारत) के माध्यम से और **दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के सहयोग से 27 से 29 अक्तूबर, 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

- यात्रियों के लिये सुविधाजनक और कुशल भुगतान पद्धति के रूप में **नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC)** के महत्त्व पर ज़ोर दिया गया।
- सम्मेलन ने शहरी परिवहन की बुनियादी संरचना की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिये नवीन वित्त पोषण तंत्र और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।
  - UMI सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2023 ने उत्सर्जन को कम करने के लिये **इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने** के महत्त्व को रेखांकित किया और शहरी क्षेत्रों को **इलेक्ट्रिक वाहनों की बुनियादी संरचनाओं** में निवेश करने के लिये प्रोत्साहित किया।
- शहरी परिवहन परियोजनाओं में उत्कृष्टता और सर्वोत्तम प्रथाओं के लिये विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये गए।
  - श्रेणियों में सर्वोत्तम सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, सर्वाधिक नवोन्मेषी वित्तपोषण तंत्र और सर्वोत्तम हरित परिवहन पहल शामिल हैं।

**और पढ़ें...**नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC)

## सतर्कता सप्ताह- 2023

केंद्रीय सतर्कता आयोग (Central Vigilance Commission- CVC) द्वारा 30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक **सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023** मनाया जा रहा है, जिसका विषय "**Say no to corruption; commit to the Nation (भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के लिये प्रतिबद्ध रहें)**" पर केंद्रित है।

- यह व्यापक पहल सरकारी विभागों और संगठनों के भीतर सतर्कता को बढ़ावा देने एवं भ्रष्टाचार से निपटने की दिशा में एक ठोस प्रयास को प्रदर्शित करती है।
- CVC **भारत में** एक **शीर्ष सरकारी निकाय** है जो देश के सार्वजनिक प्रशासन में अखंडता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायिता को बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - इसकी स्थापना **वर्ष 1964** में भ्रष्टाचार **निवारण पर संथानम समिति की अनुशंसाओं** के आधार पर की गई थी।

**और पढ़ें:** केंद्रीय सतर्कता आयोग

## कैंडोलेओमाइसेस एल्बोस्क्वामोसस(Candolleomyces Albosquamosus):

मशरूम की एक नई प्रजाति

हाल ही में **जवाहरलाल नेहरू उष्णकटिबंधीय वनस्पति उद्यान और अनुसंधान संस्थान (JNTBGRI**) ने केरल में पश्चिमी घाट के भीतर पाई जाने वाले मशरूम की एक नई पहचानी गई प्रजाति, **कैंडोलेमाइसेस अल्बोस्क्वामोसस** का खुलासा किया।

- यह मशरूम विशिष्ट सफेद **ऊनी स्केल जैसी संरचनाओं** के साथ एक **आकर्षक शहद सदृश पीली 'टोपी'** प्रदर्शित करता है।
- यह प्राकृतिक वन आवास के भीतर **मृत(सूखी) लकड़ियों और बाँस के ढेरों पर पनपता है।**



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-31-october,-2023